# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 156वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 06.08.2020 का कार्यवृत्त

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 156वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 06.08.2020 को सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों / सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अनीता सी0 मेश्राम, आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती कंचन वर्मा, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री अजय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी गाजियाबाद | सदस्य |
| 4. | श्री दिनेश चन्द्र, नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद | सदस्य |
| 5. | श्री अतुल कुमार सिंह, अपर / संयुक्त निदेशक, कोषागार एवं पेंशन मेरठ मण्डल, मेरठ | सदस्य |
| 6. | श्री सतीश चन्द गौड, चीफ कोआर्डिनेट प्लानर एन0सी0आर0 सेल, गाजियाबाद | सदस्य |
| 7. | श्री संतोष कुमार, डी0जी0एम0 उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास निगम | सदस्य |
| 8. | श्री शेरी, संयुक्त आवास आयुक्त सम्पत्ति विभाग, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद सै0–16, वसुन्धरा (मेरठ जोन) | सदस्य |
| 9. | श्री देवेन्द्र ठाकुर, अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, आगरा नहर ओखला | सदस्य |
| 10. | डा0 केशव त्यागी | गैर सरकारी सदस्य |
| 11. | श्री चन्द्रमोहन शर्मा | गैर सरकारी सदस्य |

वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से निम्नलिखित सदस्यों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कृष्णा त्यागी | गैर सरकारी सदस्य |
| 2. | श्री सचिन डागर | गैर सरकारी सदस्य |
| 3. | श्री पवन गोयल | गैर सरकारी सदस्य |

GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋



बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व अध्यक्ष महोदया एवं अन्य सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त सर्व–सम्मति से निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 156/1 प्रशासन | प्राधिकरण की 155वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 23.01.2020 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | बोर्ड द्वारा प्राधिकरण की 155वीं बोर्ड बैठक की पुष्टि सर्व सम्मति से की गई। |
| 156/2 प्रशासन | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 155वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 23.01.2020 के कार्यवृत्त पर अनुपालन आख्या। | प्राधिकरण की 155वीं बोर्ड बैठक को अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। |
| 156/3 नियोजन | खसरा संख्या–1130एम, 1331एम, 1332एम व 1337एम ग्राम–अर्थला तहसील व जिला गाजियाबाद पर पैट्रोल पम्प का नया आउटलेट स्थापित किये जाने हेतु अनापत्ति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में। | प्रकरण पर विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त बोर्ड द्वारा हज हाउस के सम्बन्ध में मा0 एन0जी0टी0 में विचाराधीन प्रकरण की जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि प्रश्नगत स्थल के आस–पास की भूमि के भू–उपयोग एवं सन्दर्भित भूमि के स्वामित्व की जानकारी भी राजस्व अभिलेखों से प्राप्त करने के उपरान्त एवं मास्टर प्लान में भूखण्ड के संग लगी जमीन के भू–उपयोग की भी जॉच कर लें तथा पूर्ण परीक्षण करते हुए प्रस्ताव पुनः आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाये। |
| 156/4 नियोजन | कौशाम्बी आवासीय योजना के तलपट मानचित्र में प्रस्तावित शैक्षणिक भू–उपयोग को साईबर उपयोग में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए भू–उपयोग पूर्ववत् रखे जाने का निर्णय किया गया। |
| 156/5 नियोजन | गाजियाबाद में क्रियान्वित की जा रही हाईटैक/इन्टीग्रेटिड टाउनशिप योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में। | अवलोकित किया गया। शासन को इन्टीग्रेटिड योजनाओं में विभिन्न स्तर पर लम्बित पुर्नग्रहण के प्रस्ताव पुनः भेज दें। |
| 156/6 लेखानुभाग | प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष–2019–20 का पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष–2020–21 का आय व्यय विषयक। (बजट पुस्तिका संलग्न है।) | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |
| 156/7 व्यवसायिक | प्राधिकरण की अनिस्तारित सम्पत्तियों के नीलामी/लॉटरी द्वारा निस्तारण किये जाने हेतु न्यूनतम आरक्षित दरों के निर्धारण हेतु प्राधिकरण की योजनाओं का फ्रीज सैक्टर रेट दिनांक–31 मार्च 2021 तक बढाये जाने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |

GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA ❋ GDA



| | | | |
|---|---|---|---|
| 156/8 सम्पत्ति | | श्री के0आर0 रामाराव को आवंटित भवन संख्या–406 विध्यांचल अपार्टमेन्ट कौशाम्बी में दिनांक–19.03.1994 से भवन की लीजडीड करने की तिथि तक अवंटी को बकाया राशि सूचित न करने के कारण ब्याज रू0–255017/– समाप्त क्रिये जाने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उत्तरदांयी कर्मचारियों से धनराशि की वसूली की जाये। तद्नुसार प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |
| 156/9 स्वागत कक्ष | | मधुबन बापूधाम आवासीया योजना के किसानों हेतु ई–ब्लॉक एवं एफ–ब्लॉक में संचालित केन्द्रों का पूर्ण निर्धारित किराया पुनः अग्रिम तीन वर्षों (दिनांक–02.06.2023) तक यथावत रखने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |
| 156/10 प्रशासन अनुभाग | | श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव पत्नी स्व0 श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपने पति स्व0 श्री अतुल कुमार श्रीवास्वत, लेखाकार के ईलाज में हुए व्यय की धनराशि का भुगतान श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव को किये जाने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |
| 156/11 नियोजन अनुभाग | | अनाधिकृत/अतिरिक्त निर्माण के नियमितीकरण हेतु शमन योजना–2020 लागू किये जाने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |
| 156/12 सुरक्षा अनुभाग | | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रवर्तन/अतिक्रमण की व्यवस्था एवं प्राधिकरण सम्पत्ति की सुरक्षा हेतु होमगार्डस नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में। | विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। |

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई ।

( संतोष कुमार राय )
सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

Kanchan
( कंचन वर्मा )
उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

अनुमोदित

10/8

( अनीता सी0 मेश्राम )
अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण /
आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ